झारखंड
Jharkhand

धनबाद में नकली शराब रैकेट का भंडाफोड़, छापेमारी में लाखों रुपये की नकली शराब जब्त

धनबादः उत्पाद विभाग की टीम ने नकली अंग्रेजी शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है. तीसरा थाना क्षेत्र के चांदकुइया बस्ती में बीसीसीएल क्वाटर में उत्पाद विभाग ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी की. इस दौरान भारी मात्रा में नकली शराब और इसे बनाने की सामग्री जब्त किया गया. वहीं, मिनी शराब फैक्ट्री का संचालन करने वाले साधु चौहान और पवन चौहान दोनों मौके से फरार हो गए. उत्पाद विभाग की टीम दोनों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा कि तीसरा थाना क्षेत्र के चांदकुइया बस्ती बीसीसीएल क्वाटर में अवैध रूप से नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा था. सूचना मिलने पर तीसरा थाना की पुलिस के साथ मिलकर छापेमारी की गई. जहां मौके से 90 पेटी अंग्रेजी नकली शराब सहित पैकिंग करने वाली मशीन, रैपर, झारखंड सरकार का हॉलमार्क, खाली बोतलें, कैप, 200 लीटर स्प्रिट सहित अन्य सामग्री बरामद किया गया. बरामद शराब की कीमत करीब 22 लाख बताया जा रहा है, जिसे स्थानीय होटलों और बिहार में खपाया जाता था.

Source: https://www.etvbharat.com/hi/state/fake-liquor-factory-busted-in-dhanbad-search-underway-for-absconding-criminals-jharkhand-news-jhs25120601536